**आकाशवाणी शिमला**

**04.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे**

## मुख्य समाचार

- **प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार–हर आयु वर्ग के लोगों में दिखा उत्साह।**
- **राज्यपाल ने लोकभवन में आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम–लोगों से की आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने की अपील।**
- **राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस कल दाखिल करेगी नामांकन–16 मार्च को होगा चुनाव।**
- **प्रदेश में 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन– अभी तक 62 हज़ार मामलों की हुई पहचान।**

## होली पर्व

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रदेश भर में होली को लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर नाच–गाने का दौर दिन भर चलता रहा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता––

डिस्पैच– होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और बसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोकभवन शिमला में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

वहीं मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओकओवर में भी होली का खूब जश्न देखा गया। राज्य सरकार के मंत्री, वरिष्ठ नेता और प्रशासनिक अधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को होली की बधाई देने पहुंचे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोगों को होली की बधाई देते हुए सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी अपने सरकारी आवास पर भाजपा नेताओं के साथ होली खेली और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

कुल मिलाकर पूरे प्रदेश में लोगों ने रंगों के इस त्यौहार का भरपूर आनंद लिया और एक–दूसरे का शुभकामनाएं दीं।

**रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।**

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में अपने पैतृक गांव बल्ली में स्थानीय लोगों के साथ होली का पर्व मनाया। उन्होंने कहा कि होली देश का ऐसा पावन पर्व है जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर एक दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी देता है।

लाहौल स्पीति जिला मुख्यालय केलंग में भी होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपायुक्त किरन भड़ाना ने स्थानीय लोगों, बच्चों, महिलाओं सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ये त्यौहार मनाया। दूसरी ओर सोलन में इस बार महिलाओं द्वारा फूलों वाली होली खेली गई।

## सिरमौर–होली

सिरमौर जिले में भी होली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व सांसद सुरेश कश्यप ने पार्टी कार्यकर्ताओं व आम लोगों के साथ होली मनाई। इस अवसर पर राजीव बिंदल ने कहा कि होली रंगों और खुशियों के साथ–साथ समाज के लिए एकता का संदेश देने वाला त्यौहार है। सुरेश कश्यप ने कहा कि ये त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यही कारण है कि देश भर में इसे धूम–धाम से मनाया जाता है।

## सुजानपुर होली

दूसरी ओर हमीरपुर जिले के सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली मेले का आज अंतिम दिन है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस चार दिवसीय महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उत्सव के अंतिम दिन आज कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

## नामांकन

राज्यसभा की एक सीट के लिए प्रदेश कांग्रेस कल 5 मार्च को नामांकन दाखिल करेगी। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नामांकन से पहले कल सुबह कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। कल ही नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि 9 मार्च तक उम्मीदवार नाम वापिस ले सकते हैं। मतदान 16 मार्च को होगा।

## बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से आरंभ होगा। ये सत्र 2 अप्रैल तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

## लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। ये इस वर्ष की पहली लोक अदालत होगी। शिमला के जिला व सत्र न्यायाधीश रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अब तक करीब 62 हज़ार मामलों की पहचान की गई है। मामलों की प्रभावी पहचान के लिए सभी बार संघों, बीमा कंपनियों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जा रही हैं।

## उपायुक्त कुल्लू

कुल्लू के उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने आज जिले के हरिपुर स्थित गैर सरकारी संगठन द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य सेवा को समर्पित संस्था मनाली स्ट्रेज के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संगठन द्वारा बेसहारा और घायल पशुओं के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इस दिशा में प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में इस संस्थान ने करीब 9 हज़ार पशुओं का टीकाकरण किया है और लगभग 5 हज़ार पशुओं का नसबंदी अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को संस्था के कार्यों की जानकारी दी।

**कल्याण बोर्ड**

ऊना जिले में भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ पात्र कामगारों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन जागरूकता पर विशेष ध्यान दे रहा है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि प्रशासन ये सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जिला श्रमिक कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि लाभार्थियों को पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत लाभ दिया जा रहा है।

**विद्युत बोर्ड**

राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा पब्लिक इंट्रक्शन कार्यक्रम के तहत विद्युत सुरक्षा सप्ताह आज से शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम के पहले दिन आज राजधानी शिमला स्थित 66 केवी विद्युत उपकेंद्र न्यू टुटू में उपस्थित तकनीकी कर्मचारियों से विद्युत सुरक्षा मानकों को अपनाकर ही काम करने का आह्वान किया गया। विद्युत बोर्ड के प्रवक्ता के अनुसार इस सप्ताह के दौरान बोर्ड द्वारा जहां अपने कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा वहीं उपभोक्ताओं को भी विद्युत सुरक्षा बारे जानकारी दी जाएगी।

**नियंत्रण कक्ष**

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए निंयत्रण कक्ष स्थापित किया है। सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक टेलीफोन के जरिए इस नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया जा सकता है। नम्बर है–

एक, आठ, शून्य, शून्य, एक, एक, आठ, सात, नौ, सात
या
शून्य, एक, एक, दो, तीन, शून्य, एक, दो, एक, एक, तीन–
और
शून्य, एक, एक, दो, तीन, शून्य, एक, सात, नौ, शून्य, पांच।

इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने सुरक्षा उपायों और वहां से लोगों के निकलने के संभावित उपायों में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- **प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार–हर आयु वर्ग के लोगों में दिखा उत्साह।**
- **राज्यपाल ने लोकभवन में आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम–लोगों से की आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने की अपील।**
- **राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस कल दाखिल करेगी नामांकन–16 मार्च को होगा चुनाव।**
- **प्रदेश में 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन– अभी तक 62 हज़ार मामलों की हुई पहचान।**